आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार 08.08.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- उत्तराखण्ड के एक हजार पांच सौ युवाओं को इस वर्ष दिसंबर तक विदेशों में रोजगार देने का लक्ष्य।

- भारतीय रिजर्व बैंक ने लगातार नौवीं बार रेपो दर को 6 दशमलव 5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। चालू वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर अनुमान 7 दशमलव 2 प्रतिशत पर बनाए रखा।

- चमोली के लिए जिला योजना वर्ष 2024–25 के लिए 74 करोड़ 28 लाख रुपए के परिव्यय का अनुमोदन किया गया है।

- पेरिस ओलिम्पिक में पुरुषों के जैवलिन–थ्रो में भारत के नीरज चोपड़ा ओलिंपिक पदक के लिए मैदान में उतरेंगे।

रोजगार लक्ष्य

उत्तराखण्ड के एक हजार पांच सौ युवाओं को इस वर्ष दिसंबर के महीने तक विदेशों में रोजगार देने का लक्ष्य है। इसके लिए विज्ञापन जारी करने और सम्बन्धित शैक्षणिक संस्थानों में एक दिन की वर्कशॉप आयोजित की जाएगी। ओवरसीज प्लेसमेंट प्रोग्राम के लिए कौशल विभाग ने चार एजेंसियों को सूचीबद्ध किया है, ये एजेंसियां शैक्षणिक संस्थानों में एक दिन की कार्यशाला आयोजित कर छात्र–छात्राओं को कौशल विकास के लिए जागरूक करेंगी। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने राज्य के छात्रों को सरकार के इस कार्यक्रम के बारे में जागरूक करते हुए कौशल विकास विभाग द्वारा संचालित कोर्सेज में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। श्रीमती रतूड़ी ने युवाओं के प्रशिक्षण हेतु नए बैच शुरू करने को कहा है ताकि पन्द्रह सौ के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रक्रियाओं में तेजी आ सके। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों के युवाओं को अंग्रेजी भाषा की बाध्यता के कारण ओवरसीज प्लेसमेन्ट प्रोग्राम से वंचित न होना पड़े, इसके लिए आईटीआई में स्पोकन इंग्लिश के कोर्स चलाए जाएंगे।

आर.बी.आई

वित्त वर्ष 2024–25 के लिए अपनी तीसरी द्विमासिक समिति की बैठक में, भारतीय रिज़र्व बैंक–आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी वृद्धि दर पूर्वानुमान को सात दशमलव दो प्रतिशत पर यथावत रखा है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने छह में से चार सदस्यों के बहुमत से रेपो रेट को छह दशमलव पांच प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि मुद्रास्फीति में मोटे तौर पर गिरावट का रूख है। तीसरी तिमाही में समग्र मुद्रास्फीति और नीचे आ सकती है। उन्होंने बैंकों को सतर्क रहने की चेतावनी देते हुए कहा कि जमा में गिरावट से बैंकों को संरचनात्मक तरलता संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। रिजर्व बैंक ने यूपीआई के माध्यम से कर भुगतान की सीमा भी 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये करने का भी फैसला किया है।

यात्रा सुचारू

केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर हुई अतिवृष्टि के चलते प्रभावित यात्रा को सुचारू करने के लिए शासन–प्रशासन स्तर पर युद्धस्तर पर प्रयास जारी हैं। आज मौसम साफ होने के बाद हैली सेवाओं से यात्रा और केदारनाथ दर्शन शुरू हो गए हैं। वहीं धाम में हैली रेस्क्यू का इंतजार कर रहे 33 यात्रियों को भी एमआई 17 एव अन्य हैली सेवाओं के माध्यम से दोपहर तक रेस्क्यू कर लिया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता जल्द से जल्द यात्रा को फिर से शुरू करना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की सभी एजेंसियां काम कर रही हैं और सामाजिक संगठनों के लोगों ने भी आकर इस पूरे अभियान में मदद की है। इस बीच, आज केदारनाथ धाम में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं ने यात्रा व्यवस्थाओं को तेजी के साथ व्यवस्थित करने के लिए सरकार का धन्यवाद दिया।

राहत कार्य

टिहरी जिले के बालगंगा तहसील के विभिन्न गांवों में 31 जुलाई को हुई अतिवृष्टि के बाद अभी भी 75 परिवार के 246 लोग राहत शिविर में रह रहे हैं। जिले की घनसाली तहसील के पिन्सवाड़ गांव में विद्युत व्यवस्था बाधित है, जिसे सुचारू करने की कार्यवाही की जा रही है। गांव में सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त हुए हैं और पेयजल व्यवस्था भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुई है। क्षेत्र में जन जीवन को व्यवस्थित करने के लिए प्रशासन लगातार काम कर रहा है। विद्युत विभाग घनसाली की सब डिवीजनल अधिकारी अदिति साइन ने बताया कि बूढ़ाकेदार से पिंसवाड तक 20 किलोमीटर लंबी विद्युत लाइन है, जो बाढ़ के कारण प्रभावित हुई है। इसके अलावा सड़क मार्ग बंद होने के कारण यहां सामान की ढुलान में भी दिक्कत आ रही है। उन्होंने कहा कि मौसम ठीक रहा तो तीन से चार दिन में गांव में विद्युत आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

शिक्षा मंत्री

चमोली के लिए जिला योजना वर्ष 2024–25 के लिए 74 करोड़ 28 लाख रुपए के परिव्यय का अनुमोदन किया गया है। जिला योजना समिति की बैठक में कैबिनेट मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने जिले के लिए विभागावार परिव्यय निर्धारण और कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया। इस दौरान समिति के सदस्यों द्वारा रखे गए सुझाव पर परिचर्चा भी की गई।

डॉक्टर रावत ने कहा कि जिला योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित विकास कार्यो को गुणवत्ता के साथ पूरा कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन प्रतिनिधियों के सुझाव और जन हित को ध्यान में रखते हुए अति आवश्यक योजनाओं की प्राथमिकता निर्धारित करते हुए जिला योजना में समावेश किया जाए। उन्होंने जन प्रतिनिधियों, समिति के सदस्यों और अधिकारियों से कहा कि जिले को विकास पथ पर आगे ले जाने के लिए एकजुट होकर कार्य करें।

## विधानसभा सत्र

उत्तराखंड विधानसभा का मानसून सत्र 21 अगस्त से गैरसैंण में प्रारंभ होने जा रहा है। इस संदर्भ में आज उत्तराखंड विधानसभा सचिवालय में सत्र की अधिसूचना जारी की गयी। इस अधिसूचना के अनुसार 21 अगस्त को 11 बजे से सत्र की कार्यवाही प्रारंभ होगी जो 23 अगस्त तक चलेगी।

गैरसैंण स्थित भराड़ीसैंण विधानसभा में होने वाले इस सत्र को बढ़ाए जाने की कांग्रेस लगातार मांग कर रही है। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूरी ने स्पष्ट किया है कि सत्र की अवधि जनअपेक्षाओं और कार्यवाही के आधार पर निर्धारित होती है। ऋतु भूषण खंडूरी ने कहा कि विपक्ष का यह आरोप उचित नहीं है कि सरकार विपक्ष के सवालों से बचना चाहती है, इसीलिए सत्र को मात्र तीन दिन का रखा गया है। उन्होंने कहा कि सत्र करदाता के पैसे से चलता है और यदि बिजनेस होता है तो सत्र की अवधि बढ़ाई जाती है, लेकिन यदि बिजनेस नहीं होता है तो सत्र की अवधि बढ़ाना जनता के साथ खिलवाड़ होगा।

## पेरिस ओलंपिक

विनेश फोगाट ने पेरिस ओलिम्पिक्स में कुश्ती के फाइनल मुकाबले में वज़न बढ़ने के कारण कल अयोग्य घोषित किये जाने के बाद खेल से सन्यास लेने की घोषणा की है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जानकारी दी। विनेश फोगाट स्वर्ण पदक के पचास किलोग्राम वर्ग में खेले जाने वाले फाइनल मुकाबले से पहले करीब सौ ग्राम भार अधिक होने के कारण अयोग्य घोषित कर दी गईं थी। पेरिस ओलिम्पिक में एथलेटिक्स में आज सभी की निगाहें पुरुषों के जैवलिन–थ्रो में टोक्यो ओलंपिक खेलों के स्वर्ण पदक विजेता, नीरज चोपड़ा पर रहेंगी। वे अपने दूसरे ओलिंपिक पदक के लिए मैदान में उतरेंगे।

## स्वास्थ्य मंत्री

स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने चमोली के जिला चिकित्सालय गोपेश्वर में पचास बेड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक का शिलान्यास किया। यह क्रिटिकल केयर ब्लॉक दो हजार बहत्तर लाख से अधिक की धनराशि से बनकर तैयार होगा। चिकित्सा अधिकारियों के अनुसार जल्द ही क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। निर्माण पूरा होने के बाद उच्चस्तरीय इलाज की सुविधा मिल सकेगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जिला चिकित्सालय में सिटी स्कैन की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। इसके अलावा जल्द ही एमआरआई की सुविधा भी अस्पताल में उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही अस्पताल में वाहन पार्किंग की समस्या दूर करने के लिए भवन के निचले तल में पचास वाहनों की पार्किंग भी बनाई जा रही है।

## सेमिनार

चम्पावत पुलिस लाइन में नवनियुक्त आरक्षियों को नए अपराधी कानून के विषय में जानकारी देने की उद्देश्य से सेमिनार का आयोजन किया गया। जिले के पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में नवनियुक्त आरक्षियों को नए आपराधिक कानून– भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रमुख बदलावों और विभिन्न प्राविधानों के विषय में जानकारी दी गयी। पुलिस लाईन चम्पावत के सभागार में आयोजित इस सेमिनार में प्रशिक्षणार्थियों को महिला व बाल अपराधों से सम्बन्धित प्राविधानों और कानूनी अधिकारों, जीरो एफ0आई0आर0, डिजिटल एवं इलेक्ट्रानिक साक्ष्य, आई–गॉट कर्मयोगी पोर्टल और अन्य डिजिटल प्लेटफार्मो के विषय में जानकारी दी गयी।